मैनेजमेंट फंडा

एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

जब लोहा गर्म है तो मार दो हथौड़ा

एक पुरानी मोरल स्टोरी याद करें, जिसमें कई प्रशिक्षित मैकेनिकों के विफल होने के बाद एक बड़ी-सी मशीन ठीक करने के लिए साधारण-से आदमी को बुलाया जाता है। लगभग एक घंटे तक मशीन की जांच-परख करने के बाद वह एक जगह पर एक बार हथौड़ा मारता है और मशीन चल पड़ती है। वह मशीन चालू करके ही नहीं, बल्कि दस हजार रुपए का बिल थमा कर भी मालिक को चौंका देता है। जब पूछा जाता है कि एक बार हथौड़ा मारने के इतने पैसे क्यों? तो वह आत्मविश्वास से कहता है कि 'एक बार हथौड़ा मारने का चार्ज तो एक रुपया ही है, लेकिन कहां मारना है इसकी जानकारी रखने का चार्ज 9,999 रुपए है।'

यूपी से लेकर कर्नाटक के बेंगलुरु और महाराष्ट्र के पुणे से लेकर हरियाणा के बड़े हिस्से तक अभी बिलकुल यही खेल चल रहा है। कई शहरों के बाहरी इलाकों में, जहां पहले खेती ही मुख्य अर्थव्यवस्था थी और मानसून ही भाग्य का फैसला करता था- वहां के जमीन मालिक अब स्पोर्ट्स आंत्रप्रेन्योर बन कर सोच से परे पैसा कमा रहे हैं। जी हां, जो किसान कभी अपनी जमीन को हरा-भरा रखने के लिए संघर्ष करते थे, वे अब उसे ब्राउन कलर (सूखा) में रख रहे हैं।

जैसे-जैसे क्रिकेट स्ट्रक्चर्ड कॉर्पोरेट लाइफस्टाइल का हिस्सा बन रहा है तो खुले मैदानों की मांग सैकड़ों गुना बढ़ गई है। हजारों रुपए में महज मैदान ही किराए पर नहीं दिए जाते, बल्कि हर मैदान स्कोरर, अंपायर, ग्राउंड्समैन, टर्फ मैनेजर, हेल्पर, बुकिंग कोऑर्डिनेटर, कोच, फोटोग्राफर, कैटरर और इवेंट स्टाफ को भी रोजगार देता है। मैच के दिनों में आसपास के गांवों के सब्जीवाले, जूस विक्रेता और छोटे व्यापारी भी खाने-पीने की चीजें बेचकर अच्छा कारोबार कर लेते हैं। दिलचस्प यह है कि हर साल अक्टूबर से मई तक ये मैदान अपने आप में एक मिनी इकोनॉमिक जोन बन जाते हैं।

इस व्यवसाय का बड़ा हिस्सा कॉर्पोरेट क्रिकेट से आ रहा है। वर्किंग प्रोफेशनल्स द्वारा अच्छी विकेट, सही अंपायर और व्यवस्थित फिक्स्चर की सुविधाएं लेने के लिए आपस में खर्चा बांट कर वीकेंड टूर्नामेंट खेले जाते हैं। जो शुरुआत में एक री-क्रिएशनल ट्रेंड था, धीरे-धीरे समानांतर खेल अर्थव्यवस्था में बदल गया। जिन स्मार्ट लोगों ने फ्रीलांस अंपायरिंग और स्कोरर का काम शुरू किया, उन्हें सबसे ज्यादा कॉल आते हैं। वीकेंड पर वे कभी-कभी डबल शिफ्ट भी कर लेते हैं। फ्रीलांसर मैचों की उपलब्धता के आधार पर जहां 1,500 से 4,000 रुपए तक कमा लेते हैं, वहीं ग्राउंड्समैन, बुकिंग कोऑर्डिनेटर और फोटोग्राफर भी प्रति मैच 1,500 रुपए से कम नहीं कमाते। दूसरी ओर, जो किसान पहले उपज की बिक्री से सालाना 2-3 लाख रुपए कमाते थे, अब हर साल 10 लाख कमा रहे हैं।

दुनिया में 4 करोड़ यूजर्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले क्रिकेट स्कोरिंग और नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म 'क्रिकहीरोज' के डेटा के अनुसार करीब 4 हजार क्रिकेट ग्राउंड उसके प्लेटफॉर्म पर रजिस्टर्ड हैं। यह दिखाता है कि तेजी से आबाद हो रहे शहरों के पास पर्याप्त जमीन रखने वाले किसानों के लिए कैसे निजी क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर एक नया बिजनेस मॉडल बन चुका है। तमिलनाडु, हरियाणा और कर्नाटक के बड़े शहरों के पास कुछ मैदान तो तीन घंटे के टी-20 स्लॉट के लिए 10 हजार रुपए तक चार्ज करते हैं, जबकि पूरे दिन की बुकिंग 50 हजार रुपए तक पहुंच जाती है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में प्रति मैच 2 से 5 हजार रुपए लिए जाते हैं, हालांकि मैचों की संख्या बढ़ती जा रही है, क्योंकि किसान सुनिश्चित करते हैं कि मैच समय पर शुरू हों और तय स्लॉट के आसपास ही खत्म हों जाएं। अकेले पुणे शहर में री-क्रिएशन के लिए 60 रजिस्टर्ड ग्राउंड हैं। सबसे ज्यादा कमाई तमिलनाडु में हो रही है, उसके बाद हरियाणा का नंबर आता है।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

फंडा यह है कि यह जानना ज्यादा जरूरी है कि लोहा कहां गर्म है और यह भी कि मनचाहे परिणाम पाने के लिए चोट कहां करनी है। जब चारों ओर क्रिकेट का जुनून छाया है तो लाजिमी यही होगा कि मौका रहते इसका फायदा उठा लिया जाए।

पैरोल प्रार्थना पत्र खारिज करने में लापरवाही

एसीएस होम, डीजीपी व कलेक्टर हाजिर हो कारण बताएं : कोर्ट

जयपुर| हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कैदियों के पैरोल प्रार्थना पत्रों को लापरवाही से खारिज करने को गंभीर माना है। खंडपीठ ने कहा कि रोजाना ऐसे मामले आ रहें हैं, जिनमें पैरोल प्रार्थना पत्रों को उदासीनता के चलते खारिज कर दिया जाता है। इससे पैरोल नियमों का उद्देश्य ही खत्म हो जाता है और बंदियों के मौलिक अधिकारों का भी हनन होता है। हाईकोर्ट ने एसीएस होम, डीजीपी व भरतपुर कलेक्टर सहित एसपी को छह मार्च को पेश होकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है।

अदालत ने एसीएस व डीजीपी को शपथ पत्र के जरिए यह भी बताने के लिए कहा है कि पैरोल प्रार्थना पत्रों को अस्वीकार करने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए भविष्य में वे क्या करेंगे। खंडपीठ ने यह निर्देश अनिल कपूर की पैरोल आपराधिक याचिका पर दिया। वहीं अदालत ने प्रार्थी के पैरोल मामले में पुनः विचार कर उस पर पांच दिन में उचित आदेश पारित करने के लिए भी कहा है।

कार से 27 पेटी अवैध शराब सहित 2 पकड़े

जयपुर | जवाहर नगर में मंगलवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार से 27 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

।। तीये की बैठक ।।

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया माताजी श्रीमती सावित्री देवी धर्मपत्नी स्व. श्री ज्वाला प्रसाद शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 03.03.2026 को हो गया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। तीये की बैठक दिनांक 05.03.2026 को सायं 4 से 5 बजे तक राजस्थान ब्राह्मण महासभा, विद्याधर नगर सेक्टर-4, जयपुर में रखी गई है। शोकाकुलः- मुरारी लाल, सीताराम, राजेन्द्र प्रसाद, रविन्द्र (पुत्र), ओमप्रकाश, श्यामसुंदर, कृष्ण कुमार (जैठुते), मनोज, कुलदीप, नागेन्द्र, नितेश, आशुतोष, अमन, हर्षित, मोहित (पौत्र), जिनेश, कान्हा, विनायक, अर्णव (प्रपौत्र) एवं समस्त कंकर जोशी परिवार (श्रीमाधोपुर वाले)। मो. 9829523936, 9610600538.

परिजनों बोलेः मृतक गो तस्करी में शामिल नहीं था, पुलिस ने कहा- पथराव कर रहा था

गो तस्करों को प्रोटेक्ट कर रहे युवक की झड़प में मौत, दो एफआईआर दर्ज

भास्कर न्यूज | भिवाड़ी

चौपानकी थाना इलाके में 2 मार्च को गो तस्करों और उनका पीछा कर रहे लोगों के बीच झड़प व पत्थरबाजी के दौरान एक युवक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मृतक गो तस्करी में शामिल नहीं था और सड़क किनारे खड़ा था। घटना में फायरिंग की भी बात सामने आई है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। पुलिस ने दो पिकअप और एक बोलेरो कैंपर जब्त कर दो एफआईआर दर्ज की हैं।

पुलिस ने बताया कि हरियाणा के पलवल जिले के उटावड़ निवासी आमिर (28) पुत्र लतीफ की मौत हुई है। सुबह करीब 5 बजे चौपानकी पुलिस को सूचना मिली कि गोवंश से भरी एक पिकअप टपूकड़ा से तावडू की ओर जा रही है और कुछ लोग उसका पीछा कर रहे हैं। सारे कलां गांव के पास गो तस्करों की मदद के लिए एक पिकअप व कैंपर में कुछ लोग पहुंचे। आमिर भी इसी पिकअप में सवार था, जिसमें पत्थर भरे हुए थे। यहां दोनों पक्षों में झड़प और पत्थरबाजी हुई। पुलिस का कहना है कि आमिर पत्थरबाजी करने वालों में शामिल था। इसी दौरान आमिर घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। फायरिंग के सवाल पर पुलिस ने कहा कि जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि मौत गोली लगने से हुई या पत्थर लगने से। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने दो पिकअप और एक कैंपर जब्त की है। मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। एक मामला अज्ञात लोगों के खिलाफ हमला कर हत्या करने का और दूसरा गो तस्करी से संबंधित है। अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मौके से पांच गोवंश मुक्त करा गोशाला भिजवाया गया है।

परिजन बोले चालक था मृतक, गाड़ी लेने आया था

वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि आमिर ड्राइवरी का काम करता था। वह गाड़ी लेने के लिए उटावड़ से सारे कला गांव आया था और सड़क किनारे अपने साथी के साथ खड़ा था। इसी दौरान गो तस्करों की पिकअप वहां से गुजरी। पिकअप निकल जाने के बाद दो- तीन गाड़ियों में सवार कुछ लोग आए और आमिर व उसके साथी को गोतस्कर समझकर उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके बाद हमला किया गया और फायरिंग हुई। जिसमें आमिर की मौत हो गई। वहीं युवक की मौत के मामले में पुलिस में तावडू निवासी खलील अहमद उर्फ छुट्टन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह घटना के वक्त मृतक के साथ मौके पर ही दोनों के वाहनों के साथ था। भिवाड़ी एसपी प्रशांत किरण ने बताया कि युवक की मौत किस वजह से हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। अब तक की जांच में यह सामने आया है कि मृतक गो तस्करों के सहयोग के लिए दूसरे वाहन में था, जिसमें पत्थर भरे हुए थे। गोवंश से भरी गाड़ी का पीछा कर रहे लोगों ने इनकी झड़प हुई, जिसमें उसकी मौत हो गई। मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई है।

60 हजार से ज्यादा देशी-विदेशी सैलानियों ने खेली होली

पुष्कर| तीर्थनगरी में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय होली महोत्सव की धूम रही। यह पहला मौका है जब चंद्र ग्रहण के कारण होलिका दहन के दूसरे दिन की जगह तीसरे दिन होली का धमाल मचा। होली खेलने के लिए राजस्थान के अलावा पंजाब, हरियाणा, गुजरात, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के शहरों से 60 हजार से अधिक युवक-युवतियां, नव दंपती पुष्कर पहुंचे। कुछ लोग परिवार सहित भी आए। इनमें 4 हजार से अधिक विदेशी सैलानी भी नगर वासियों के संग होली खेलने आए।

अजमेर : नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या, नहीं मिला सुसाइड नोट

अजमेर| अलवर गेट थाना क्षेत्र के नारेली गांव में एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार नारेली निवासी निकिता (21) ने सोमवार सुबह अपने घर पर कमरे में पंखे से रस्सी का फंदा बांध कर आत्महत्या की। परिजन उसे फंदे से उतार कर जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने बताया कि निकिता नीट की तैयारी कर रही थी।

हाथरस में सड़क हादसे में राजाखेड़ा के 3 जनों सहित छह की मौत

राजाखेड़ा (धौलपुर)| उत्तर प्रदेश के हाथरस में डबल डेकर बस ने ईको वैन को टक्कर मार दी। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन लोग राजाखेड़ा के रहने वाले हैं, जिनमें एक दंपती भी शामिल है। जबकि तीन लोग आगरा के थे।

हादसा मंगलवार तड़के यमुना एक्सप्रेस-वे पर सादाबाद कोतवाली क्षेत्र में हुआ। दिल्ली से गोरखपुर जा रही बस ने ईको वैन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ईको करीब 10 फीट दूर जा गिरी और उसका पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतकों में राजाखेड़ा नगरपालिका क्षेत्र के गांव गंगोलियापुरा निवासी दिनेश (50) पुत्र होतम सिंह और उनकी पत्नी सुनीता (45) भी शामिल हैं। पति-पत्नी होली मनाने के लिए नोएडा से अपने पैतृक गांव आ रहे थे। वहीं तीसरा मृतक लोकेश (25) पुत्र भूरी सिंह निवासी सोमली का घेर का रहने वाला था। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और सड़क पर शव बिखर गए।

ब्यावर : बादशाह के मेले में बादशाह बने युवक को आया हार्ट अटैक, मौत

175 साल में पहली बार कलेक्ट्रेट पर नहीं हुआ गुलाल युद्ध

भास्कर न्यूज | ब्यावर

ब्यावर में 175 साल से बादशाह का मेला भरता है। यहां बादशाह (टोडरमल) के रूप में ट्रक पर सवार होकर अग्रवाल समाज का युवा चंद्रप्रकाश अग्रवाल बुधवार को बाजार में निकले। उनके साथ वजीर के लिए चंद्रेश गोयल को चुना गया और उनके आगे बीरबल मुकेश उपाध्याय के रूप में ब्राह्मण समाज का युवा नाच रहा था।

शहर में महावीर बाजार स्थित भैरूजी के खेजड़ा मंदिर से बादशाह की सवारी शुरू हुई। जो 700 मीटर दूर कलेक्ट्रेट पर गुलाल युद्ध के साथ खत्म होनी थी, लेकिन पहली बार करीब 300 मीटर दूर अजमेरी गेट के पास बादशाह बने चंद्रप्रकाश अग्रवाल को हार्ट अटैक आ गया।

उन्हें तुरंत एंबुलेंस से अमृतकौर अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। प्रशासन ने बैंड बंद कराया, लोगों ने गुलाल नहीं उड़ाया, लेकिन शोभायात्रा कलेक्ट्रेट पर खत्म की। यह पहला मौका था, जब कलेक्ट्रेट पर गुलाल युद्ध नहीं हुआ।

ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से जवान का निधन, सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि

भास्कर न्यूज | खाटूश्यामजी (सीकर)

सदर थाना अंतर्गत मगनपुरा (गिगनपुरा) निवासी आर्मी जवान गिरधारी लाल कुमावत पुत्र मांगीलाल कुमावत का ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे उत्तराखंड के रूड़की में हवलदार के पद पर तैनात थे। उनकी की पार्थिव देह को सेना की टुकड़ी पुलिस थाना खाटूश्यामजी लेकर पहुंची जहां से उनके पैतृक गांव मगनपुरा के लिए तिरंगा यात्रा के साथ शवयात्रा रवाना की गई। तिरंगा यात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। मगनपुरा (गिगनपुरा) में सैन्य सम्मान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके 6 वर्षीय पुत्र देवांशु ने मुखाग्नि दी। सेना की टुकड़ी ने बंदूकों से सलामी दी।

कार्यालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां
पॉवर हाउस के सामने, नेनवां रोड बून्दी।
क्रमांकः- 792 दिनांकः-27.02.2026
ई- निविदा 2026-27/03
रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद के हैण्डलिंग व परिवहन कार्य हेतु बून्दी जिले के 10 खरीद केन्द्रों के लिए ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण शर्तें एवं निविदा फार्म वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
NIB code CMF2526A0172
UBN from CMF2526SLOB00436 to CMF2526SSOB00445,
Tender ID From 2026_RJFED_543254_1 to 2026_RJFED_543254_10
(मुकेश मोहन गर्ग)
उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ, बून्दी

InCred finance
InCred Financial Services Limited
Regd. Office: Unit No. 1203, 12th floor, B wing, The Capital, Plot No C-70, G Block, Bandra Kurla Complex, Mumbai, Maharashtra, India, 400051
CIN: U67190MH1995PLC360817 | **Tel:** 1800-102-2192
Email: care@incred.com | **Website:** www.incred.com
NOTICE
Notice is hereby given that as per Regulation 11 of Reserve Bank of India (Non-Banking Financial Companies – Branch Authorisation) Directions, 2025 as amended from time to time, the branch office of the Company located at Anand Complex, 1st Floor, Main Kher Road, Balotra, Rajastan 344022 will be closed with effect from close of business hours of 03-06-2026. In case any assistance is required, you may contact 1800-102-2192 or send an email to care@incred.com. This notice may be accessed on the Company's website (www.incred.com)
For InCred Financial Services Limited
Sd/-
Date: 4th March 2026 Authorised Signatory

Himachal Pradesh Tourism Development Board
Department of Tourism and Civil Aviation Government of Himachal Pradesh
P57133-001-Sustainable and Inclusive Tourism Development Project in Himachal Pradesh (ADB Funded)
ADB
Date of publication : 06.03.2026 **INVITATION FOR BIDS (IFB)**
1. The Himachal Pradesh Tourism Development Board (HPTDB) under Department of Tourism and Civil Aviation, Government of Himachal Pradesh ("the Employer"), invites the online bids on item rate, in electronic tendering system "Open Competitive bidding (OCB), One Stage Two envelop (1S2E)" for the under mentioned work from the eligible Bidders.
2. The details of Contract Package are as follow:-

S. No	Name of Work	Bid Security (INR)	Document Download Start and time	Pre-bid Meeting (online /offline)	Deadline for submission/ opening of technical bid and time
1.	"Construction of Wellness Centre along with High End Fountain at Nagrota Bagwan, District Kangra, Himachal Pradesh Contract Package Invitation for Bids No. SITDP- HP_W11/2025-26/.	18.16 million	06.03.2026 at 18:00 Hrs.	18.03.2026 at 15:00 Hrs	06.04.2026 i) Deadline of Submission 15:00 Hrs ii) Technical Bid Opening 16:00 Hrs
2. Period of completion.		i) High End Musical Fountain Works: 12 months ii) For all other Works: 24 months			

3. **Availability of Bid Document. Key dates, mode of submission and all other details:** The Bid document is available online and bid should be submitted in online mode on website **https://hptenders.gov.in.**
4. Date of Opening of Financial Bids (Will be later intimated to all technically responsive bidders).

(--SD--)
The Project Director
Sustainable and Inclusive Tourism Development Project in Himachal Pradesh
Himachal Pradesh Tourism Development Board (HPTDB)
Department of Tourism and Civil Aviation
Shanti Bhawan, Phase-3, Sector -6,
Kangnadhar, BCS, Shimla-171009, HP, India Tel: +91-177-2659962, 2659926, 2659925
Email: projectdirector.adbhp@gmail.com , Website: www.himachaltourism.gov.in

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर- 302018
क्रमांकः प.15(5)RSSB/नियम/की-वेलिडेशन/प्रेस नोट/ 2026/ दिनांकः 01.03.2026
-: विज्ञप्ति :-
बोर्ड द्वारा दिनांक 17.01.2026 से 20.01.2026 तक आयोजित **उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) (लेवल द्वितीय कक्षा 5 से 8 तक)** (परीक्षा कोड- 3N4Y, 67VX, XQ190) एवं **प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (संस्कृत शिक्षा)(लेवल प्रथम कक्षा 1 से 5 तक)** (परीक्षा कोड- 2PP12) पद हेतु आयोजित परीक्षाओं के मास्टर प्रश्न पत्र तथा इनकी प्रारम्भिक उत्तर कुंजियां बोर्ड की वेबसाइट www.rssb.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर परिक्षार्थियों से ऑनलाइन/ ऑफलाइन आपत्तियां मांगी गई है। ऑनलाइन आपत्तियां बोर्ड की वेबसाइट पर **दिनांक 05.03.2026** समय 00.01 **बजे तक (मध्य रात्रि)** से **दिनांक 07.03.2026** समय 23.59 **बजे (मध्य रात्रि)** तक दर्ज कराई जा सकती है एवं ऑफलाइन आपत्तियां **दिनांक 05.03.2026** समय **प्रातः 10.00 बजे** से **दिनांक 09.03.2026** समय **सायं 6.00 बजे** तक व्यक्तिशः उपस्थित होकर **बोर्ड कार्यालय के स्वागत कक्ष** में जमा करवा सकते है। विस्तृत जानकारी बोर्ड की वेबसाइट www.rssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
DIPR/C/4628/26 सचिव

भास्कर APPOINTMENT
ONGC ओएनजीसी ONGC ONGC
पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 5ए-5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंतकुंज, नई दिल्ली-110070
CIN: L74899DL1993GOI054155 | वेबसाइट: www.ongcindia.com | ईमेल: secretariat@ongc.co.in
ओएनजीसी में निश्चित अवधि के लिए अनुभवी विशेषज्ञों की नियुक्ति
विज्ञापन सं. 1/2026 (आर एंड पी)
ओएनजीसी के एडवांस्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एटीआई), गोवा के साथ अपने करियर को नई ऊँचाइयों पर ले जाएँ। भारत की अग्रणी ऊर्जा महारत्न कंपनी ओएनजीसी के गोवा स्थित एडवांस्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एटीआई) से जुड़ें – यह संस्थान सी सर्वाइवल, तेल रिसाव प्रतिक्रिया, अपतटीय हेलीडेक अग्नि सुरक्षा सहित अन्य विश्वस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र है।
एक फॉर्च्यून 500 कंपनी के रूप में, ओएनजीसी ऐसे उत्साही और अनुभवी विशेषज्ञों को आमंत्रित कर रही है कि वे **कैटरिंग, हाउसकीपिंग, कॉन्सियर्ज तथा हॉर्टिकल्चर** के क्षेत्र में प्रभावशाली पर्यवेक्षकीय पदों हेतु आवेदन करें। साथ ही, हमारे अत्याधुनिक सी सर्वाइवल सेंटर में योगदान देने के लिए एक अनुभवी **गोताखोर/ प्रशिक्षक** की भी आवश्यकता है।
सुरक्षा, सतत विकास और उत्कृष्टता के भविष्य को आकार देने वाली टीम का हिस्सा बनें।

पद	पारिश्रमिक
हेड (कैटरिंग)	₹12,00,000/– प्रति वर्ष (नेगोशिएबल) आवास सुविधाः एटीआई–गोवा से 5 कि.मी. की परिधि के भीतर आवासीय व्यवस्था हेतु अतिरिक्त ₹ 2,00,000/– प्रति वर्ष (अधिकतम) गृह किराया भत्ता (एचआरए) देय होगा।
हेड (हाउसकीपिंग)	
हेड (कॉन्सियर्ज एवं ओवर ऑल एक्सपीरिएंस)	₹ 10,00,000/– प्रति वर्ष (नेगोशिएबल) आवास सुविधाः एटीआई–गोवा से 5 कि.मी. की परिधि के भीतर आवासीय व्यवस्था हेतु अतिरिक्त ₹ 2,00,000/– प्रति वर्ष (अधिकतम) गृह किराया भत्ता (एचआरए) देय होगा।
हेड (हॉर्टिकल्चर)	₹10,00,000/– प्रति वर्ष (नेगोशिएबल)
हेड (ट्रेनिंग एवं डाइविंग)	₹12,00,000/– प्रति वर्ष (नेगोशिएबल)

चिकित्सा बीमाः ₹ 7.5 लाख का फैमिली फ्लोटर कवरेज उपलब्ध रहेगा।
अधिकतम आयु सीमाः 45 वर्ष (पंजीकरण की अंतिम तिथि के अनुसार)
इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को दिनांक **03.03.2026 से 23.03.2026 तक** ओएनजीसी की आधिकारिक वेबसाइट **www.ongcindia.com** पर ऑनलाइन पंजीकरण करना आवश्यक है। समस्त एवं विस्तृत प्रासंगिक जानकारी युक्त विस्तृत विज्ञापन हेतु वेबसाइट अवश्य देखें।
प्रधान निगमित भर्ती एवं पदोन्नति, नई दिल्ली

रजिस्ट्री सं. डी.एल.–33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99
भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.–डी.एल.–अ.–26022026-270519
CG-DL-E-26022026-270519
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
सं. 994] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, फरवरी 26, 2026/फाल्गुन 7,1947
No. 994] NEW DELHI, THURSDAY, FEBRUARY 26, 2026/PHALGUNA 7, 1947
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 26 फरवरी 2026
का. आ. 1038(अ).– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. **298 तारीख 20 जनवरी 2026**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा राजस्थान राज्य के जैसलमेर जिले में NH11 के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 101.197 तक के राष्ट्रीय के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी।
और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख 24.01.2026 को "दैनिक भास्कर", 24.01.2026 को "राजस्थान पत्रिका" दोनों में प्रकाशित किया गया था।
जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया।
और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है।
अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए।
और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।
अनुसूची
राजस्थान राज्य के जैसलमेर जिले में NH11 के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 101.197 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।
जिला : जैसलमेर
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 26.02.2026
https://10.192.209.35
[फा. सं. NHAI/LA/Jsm-Myajlar-Sundra/2025/3D]
शेख अमीन खान, निदेशक
नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।
कार्यालय सक्षम अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं उप खण्ड अधिकारी, जैसलमेर
क्रमांक : भूमि अवाप्ति/2025–26/507 –: सूचना :– **दिनांक 27.02.2026**
भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3 (D) के अन्तर्गत भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 1038 (अ) दिनांक 26.02.2026 में वर्णितानुसार अधिग्रहित की जा रही भूमि से हितबद्ध समस्त व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिवस की अवधि में प्रतिकर निर्धारण से पूर्व अवाप्तिधीन भूमि में अपने दावे, यदि कोई हो तो लिखित अभिकथन करते हुए, स्वयं या विधिवेत्ता के मार्फत अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालय समय के दौरान प्रस्तुत कर सकते है, जिसकी सुनवाई का कार्यक्रम निम्नवत रहेगाः–

ग्राम का नाम	तहसील का नाम	सुनवाई की दिनांक
(1) जैसलमेर (ग्रामीण)	जैसलमेर	23.03.2026
(1) खुहड़ी एवं (2) माणेरी	सम	

सक्षम प्राधिकारी (भूमि अवाप्ति)
एवं उप खण्ड अधिकारी जैसलमेर

राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
जी-3/1 अम्बेडकर भवन, राजमहल पेलेस के पास, जयपुर
क्रमांकः– एफ.1(8)(01525)सामा./सान्याअवि/26/ई -01525 जयपुर, दिनांकः- 27.02.2026
विज्ञप्ति
भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती (दिनांक 14 अप्रैल, 2026) के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति राज्य स्तरीय अम्बेडकर पुरस्कार दिये जाने हैं। अतः पुरस्कारों के लिए निम्नानुसार प्रस्ताव मय जिला कलेक्टर/ जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अभिशंषा आमंत्रित किये जाते हैः-

क्र.सं.	पुरस्कार	पात्रता की शर्तें/ बिन्दु	राशि
1	राज्य स्तरीय अम्बेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार-2026	1. व्यक्ति राजस्थान का मूल निवासी हो/ संस्था राजस्थान में पंजीकृत हो। 2. जिला कलक्टर द्वारा उत्तम चरित्र एवं प्रतिष्ठा का प्रमाण-पत्र। 3. संस्था/ व्यक्ति अनुसूचित जातियों/ जनजातियों की सामाजिक सेवा में कार्यरत रहा हो। 4. सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लक्षित वर्ग तक पहुँचाने में उल्लेखनीय भूमिका/ योगदान रहा हो। 5. आवेदनकर्ता की आयु 40 वर्ष से अधिक हो तथा संस्था कम से कम 5 वर्ष से अधिक समय से पंजीकृत हो। 6. संस्था/ व्यक्ति द्वारा समाज से आर्थिक सहायता लेकर अथवा स्वयं के स्त्रोतों से वंचित वर्ग के लिए कार्य किये गये हो।	राशि रूपये 1.00 लाख एवं प्रशस्ति पत्र
2	राज्य स्तरीय अम्बेडकर महिला कल्याण पुरस्कार-2026	1. राजस्थान की मूल निवासी हो/ संस्था राजस्थान में पंजीकृत हो। 2. जिला कलक्टर द्वारा उत्तम चरित्र एवं प्रतिष्ठा का प्रमाण-पत्र। 3. संस्था/ महिला अनुसूचित जातियों/ जनजातियों की महिलाओं के उत्थान हेतु कार्यरत रही हो। 4. महिला उत्थान के क्षेत्रों में भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लक्षित वर्ग तक पहुँचाने में उल्लेखनीय योगदान रहा हो। 5. आवेदनकर्ता महिला की आयु 40 वर्ष से अधिक हो तथा संस्था कम से कम 4 वर्ष से अधिक समय से पंजीकृत हो। 6. संस्था/ महिला द्वारा समाज से आर्थिक सहायता लेकर अथवा स्वयं के स्त्रोतों से वंचित वर्ग के लिये कार्य किये गये हो।	राशि रूपये 51,000 एवं प्रशस्ति पत